पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद फर्रुखबाद में आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषण माह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

———————

फर्रुखबाद में राज्यपाल ने याकूतगंज गांव स्थित पंचायत घर में मिशन शक्ति वॉल का उदघाटन किया।

————————

महिलायें आत्मनिर्भर बनें और देश, परिवार, समाज में आपना योगदान दें।

—आनंदीबेन पटेल

————————

लखनऊः 4 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद फर्रुखबाद भ्रमण के क्रम में बलीपुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण माह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित धात्री एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई तथा पोषण वाटिका में पौधारोपण भी किया ।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य के साथ—साथ शिक्षा पर भी ध्यान दिया जाए, उन्हें खेल—खेल में रोचक ढंग से शिक्षा प्रदान की जाए, शारीरिक दक्षता वाले खेल खिलायें जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं के ऊपर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों तक स्वास्थ्य विभाग के साथ—साथ अन्य विभागों की योजनाओं को पहुंचाने की जिम्मेदारी है, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से ही गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बच्चों की उचित देखभाल की जा रही है, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा अपने दायित्वों को बखूबी अंजाम दें, बच्चों को बेहतर माहौल मिले, वह स्वस्थ रहें और आगे चलकर देश, प्रदेश, समाज के विकास में अपना योगदान दे सकें।

राजयपाल ने अपने सम्बोधन में जननी महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गोद भराई जैसे कार्यक्रमों का प्रारम्भ करके उन्हे उचित पोषण से जोड़ने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जन्म से 06 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं में कुपोषण कम करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सम्पूर्ण पोषण मिलना चाहिए जिससे वे स्वयं भी स्वस्थ रह सकें और भविष्य में स्वस्थ बच्चों को जन्म देने में समर्थ हो सकें।

राज्यपाल जी ने फर्रुखबाद भ्रमण के दौरान बढ़पुर ब्लॉक में याकूतगंज गांव स्थित पंचायत घर में मिशन शक्ति वॉल का भी उदघाटन किया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उत्पादन कार्यो से जोड़कर निर्मित कराये गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने सभी योजनाओं में महिलाओं को वरीयता दी है, महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया, हर क्षेत्र में महिला की भागीदारी सुनिश्चित करायी गयी, देश की समृद्धि में महिलाएं भागीदार बनेगी तभी देश का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होने कहा कि केन्द्र, प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलाम्बी बनाने के उद्देश्य से समूह गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ की, सरकार ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। उन्होने उपस्थित महिलाओं का आवाह्न करते हुए कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा महिलाएं अपने को समूहों में को जोड़े ताकि वह भी आत्मनिर्भर बन सकें और देश, परिवार, समाज में आपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि जब तक महिलायें आत्मनिर्भर, सशक्त नहीं होंगी, देश समृद्वशाली नहीं बन सकता। राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के लिए उपयोगी सामग्री, खिलौने तथा फर्नीचर का वितरण भी किया।

राजयपाल ने जनपद की लेदर फैक्ट्री जाकर फैक्ट्री का भ्रमण कर उत्पादों की जानकारी भी ली। ज्ञात हो कि जनपद में स्थापित एसजी लेदर गुड्स प्रा0 लि0 फैक्ट्री शत प्रतिशत निर्यात उत्पादों का निर्माण करती है।

बताते चलें कि राजयपाल आनंदीबेन पटेल अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रमों में कल से जनपद फर्रुखाबाद भ्रमण पर हैं। कल राजयपाल ने फर्रुखाबाद के फ़तेहगढ में भोलेपुर स्थित लाटेरा होम में स्थानीय कारीगरों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन, ओ.डी.ओ.पी. के अंतर्गत कारीगरों को सहायता हेतु 25–25 लाख रुपये ऋण के प्रतीकात्मक चेक का वितरण, कारीगरों को टूल किट का वितरण कार्य तथा क्षय रोग संक्रमण के चिन्हित बच्चों से मुलाक़ात की थी।

——————

(राजभवन 29/07)